भावनाके निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनांक 19-12-2022 को आयोजित,तृतीय शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट ।

भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत, लखनऊ जनपद तथा पड़ोसी जनपद के ग्राम्यांचलों के निर्धन एवं असहाय निवासियों को शीतकाल में ठण्ड से बचाव हेतु ऊनी कम्बल वितरण किया जाता है। भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन -जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 19.12-2022 को,जनपद लखनऊ के विकास खण्ड बख्शी का तालाब के ग्राम विश्राम पुर में तृतीय शीतकालीन सहायता शिविर आयोजित किया गया।

कैम्प में भावना के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला जी , प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा,,श्री सुनील कुमार उप्रेती जी ,श्री विश्वनाथ सिंह जी ,भावना के प्रमुख महासचिव श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह जी , महासचिव कार्यान्वयन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, सदस्य श्री चंद्र शेखर आज़ाद जी ,श्री उपेन्द्र कुमार वाजपेई जी , श्री राज देव स्वर्णकार जी, श्री राम सजीवन शुक्ला जी, श्री आदित्य प्रकाश सिंह जी तथा अन्य अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला जी ने ग्रामवासियों को उनके हित की उपयोगी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें जनसेवा केंद्र पर जाकर ई-श्रम कार्ड एवं भारत सरकार की आयुष्मान योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु विशेष प्रेरित किया।इसके साथ ही सभी ग्रामवासियों की समृद्धि,स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता की कामना की एवं परस्पर भाईचारा बनाये रखने का आह्वान किया।

इस शिविर में,भावना की टीम द्वारा,ग्राम विश्राम पुर के पूर्व चयनित पात्र परिवारों को,शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु 101 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गए । कम्बल वितरण के फोटोज भावना की वेबसाइट के गैलरी-फोटो अल्बम सेक्शन में उपलब्ध हैं।

--- विनोद कुमारशुक्ला

राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना